श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र लातूर एवं पूरे महाराष्ट्र में लोड शेडिंग के कारण बिजली की व्यवस्था काफी खराब है। प्रत्येक दिन कम से कम आठ घंटे बिजली कटौती हो रही है, जिसके कारण कल-कारखाने, किसानो, व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। छात्रों की पढ़ाई में भी काफी दिक्कत होती है। स्थिति काफी खराब हो गई है। पूरे महाराष्ट्र एवं मेरे क्षेत्र लातूर में हाहाकार मच गया है, जिसके कारण जनता में काफी आक्रोश है। महाराष्ट्र में दूसरे जिलों में तो लगभग 12 से 13 घंटे का लोड शेडिंग हो रहा है। ऐसा होने से पूरे राज्य के लिए काफी कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। बिजली की कमी का लातूर सहित महाराष्ट्र में स्थाई उपाय करते हुए इस कमी को दूर किया जाए।